सुविचार

दूसरों से उम्मीदें कम रखें और खुद पर ज़्यादा भरोसा करें, खुशी खुद के अंदर ही मिलेगी

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 109 ● मुंबई, मंगलवार 17 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादक: पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क

खबर संक्षेप

लगातार चौथी बार बने काउंसिल मेंबर

पदमावत मीडिया

उदयपुर । इंस्टीट्यूशन ऑफ वैल्यूअर्स, नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के 2025-27 के लिए हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में उदयपुर के रजिस्टर्ड वैल्यूयर संजय डूंगरवाल ने लगातार चौथी बार इस प्रतिष्ठित पद के लिए चुनाव जीतकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अपनी जगह बनाई। इंस्टीटूशन ऑफ़ वैल्यूअर्स,उदयपुर शाखा के अध्यक्ष गुरु प्रसाद माथुर ने बताया कि वे इस संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लगातार चार बार निर्वाचित होने वाले राजस्थान के पहले व्यक्ति हैं। गौरतलब है कि इंस्टीट्यूशन ऑफ वैल्यूअर्स, नई दिल्ली, एक राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो विभिन्न क्षेत्रों में मूल्यांकन और उसकी विशेषज्ञता को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। संजय डूंगरवाल कई वर्षों से इस संस्था से जुड़े हुए हैं।

सुथार महासभा का रक्तदान शिविर 29 को

पदमावत मीडिया

सलूंबर। श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा संभाग उदयपुर द्वारा सुथार खेल महोत्सव रा.उ.मा.वि.सलूंबर में 25 से 29 दिसम्बर तक आयोजित होगा। समापन दिवस 29 दिसम्बर के दिन विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें 100 यूनिट से ऊपर रक्त संग्रहण की संभावना है। यह जानकारी = भंवरलाल थडा ने दी।

स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन

पदमावत मीडिया

प्रतापगढ़। राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय प्रतापगढ़ में संचालित आंचल प्रसूता केंद्र पर 18 दिसम्बर, बुधवार को चिकित्सालय समय प्रातः 9 से 3 बजे तक एक दिवसीय निशुल्क स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क औषधि पिलाई जाएगी।स्वर्ण प्राशन आयुर्वेद इम्यूनाइजेशन की एक अनूठी विधि है, जिसके चिकित्सकीय निर्देशन में नियमित सेवन से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होगी, जिससे वे बीमार नहीं होंगे व शारीरिक बौद्धिक विकास होगा एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है । यह जानकारी आंचल प्रसूता केंद्र प्रभारी डॉ मनीषा मीणा ने दी।

महिला मतदाताओं के अनुपात में प्रतापगढ़ दूसरे स्थान पर

पदमावत मीडिया

प्रतापगढ़ । विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम 2025 जो 29 अक्टूबर 2024 से चलाया जा रहा है, में जिला प्रतापगढ़ में प्रत्येक 1000 पुरुषों पर 993 महिला मतदाता है, जो की राजस्थान में चित्तौड़गढ़ के बाद द्वितीय स्थान पर है। गौरतलब है कि जिले में दोनों विधानसभाओं यथा धरियावद का लिंगानुपात 983 है और विधानसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ का लिंगानुपात 1006 है। इस संबंध में सीईओ राजस्थान द्वारा जिले में महिला मतदाताओं के उन्नयन हेतु जिला प्रतापगढ़ की प्रशंसा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से की गई है, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अंजलि राजोरिया के नेतृत्व में जिले को दिए गए लक्ष्य से 25प्रति. अधिक अर्जित कर 13,122 नवीन मतदाता जोड़े गए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को पुस्तकें भेंट

पदमावत मीडिया

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को सोमवार को यहां विधानसभा में एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ. श्वे?ता शर्मा ने अपनी नव प्रकाशित दो कृतियां पश्चिमी राजस्थान का आर्थिक इतिहास- 19वीं सदी का समृद्धि अध्ययन' और 'मध्यकालीन भारतीय इतिहास' भेंट की। देवनानी ने इस रचनात्मक प्रयास के लिए लेखिका को बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ. शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को बताया कि यह पुस्तकें पश्चिमी राजस्थान की आर्थिक संरचना और उसकी प्रगति को समझने का प्रयास है।

पांच सालों में उदयपुर जिले में 55 लाख 65 हजार वृक्षों की जियो टैगिंग की गई

- सांसद मन्नालाल रावत की ओर से संसद में पूछे गए प्रश्न पर
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी

पदमावत मीडिया

उदयपुर। वन विभाग पिछले पांच वर्षों में उदयपुर जिले में 20 हजार 579 हेक्टेयर क्षेत्र में 55 लाख 65 हजार वृक्ष लगाकर इनकी जियो टैगिंग भी की गई। उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मन्नालाल रावत की ओर से सोमवार को संसद में पूछे गए अतारांकित प्रश्न के जवाब में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई। सांसद श्री रावत ने संसद में प्रश्न रखा कि क्या सरकार वनों के संरक्षण और विकास के लिए वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाए गए वृक्षों की जियो टैगिंग कर रही है अथवा करने का विचार है। पिछले पांच वर्षों के दौरान उदयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राजस्थान में वनों के संरक्षण और विकास के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों का जिलावार ब्यौरा क्या है तथा क्या सरकार का उदयपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राजस्थान में वनों के संरक्षण और विकास के लिए एनजीओ के माध्यम से वृक्षारोपण को बढ़ावा देने का विचार है।

इस संबंध में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री कीर्तवर्धन सिंह ने संसद में बताया कि वनों के संरक्षण और विकास के लिए यह मंत्रालय राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को मुख्य रूप से राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम), नगर वन योजना आदि के माध्यम से वनरोपण गतिविधियों को चलाने के लिए सहायता देता है। इसके अलावा प्रतिपूरक वनरोपण निधि का उपयोग करके भी बड़े पैमाने पर वनरोपण गतिविधियां चलाई जाती है। राजस्थान सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, हरियालो राजस्थान अभियान (मानसून 2024) के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और व्यक्तियों आदि द्वारा 1,03,22,335 एकल वृक्षों और ब्लॉक वृक्षारोपण में 1,99,65,445 वृक्षों को जियोटैग किया गया। मंत्रालय स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय निकायों आदि को शामिल करते हुए वृक्षारोपण करने के लिए सहायता भी प्रदान करता है।

जानकारी में बताया गया कि पिछले पांच वर्षों में उदयपुर जिले में 20 हजार 579 हेक्टेयर क्षेत्र में 55 लाख 65 हजार वृक्ष लगाकर इनकी जियो टैगिंग भी की गई। इनमें 2019-20 में 1285 हैक्टेयर में 4 लाख 72 हजार, 2020-21 में 1821 हेक्टेयर क्षेत्र में 7 लाख 19 हजार, 2021-22 में 3756 हैक्टेयर क्षेत्र में 9 लाख 33 हजार, 2022-23 में 7040 हेक्टेयर क्षेत्र में 17 लाख 17 हजार तथा 2023-24 में 6676 हेक्टेयर क्षेत्र में 16 लाख 53 हजार वृक्षारोपण कर इनकी जियो टैगिंग की गई।

वित्तीय साक्षरता की दी जानकारी



रिपोर्ट- गजेन्द्र मालवीय

पदमावत मीडिया

झाडोल। उपखंड क्षेत्र के जे.आर.शर्मा पीजी महाविद्यालय झाड़ोल में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबिन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दोहरान कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान बाल कल्याण समिति के संयुक्त निर्देशक डॉ. एस. वी. सिंह दधीवाडिया ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुन्दरसिंह गरासिया (ब्लाक कोडिनेटर फलासिया) एवं यशोदा पुजारी (ब्लाक कोडिनेटर झाड़ोल) थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम.के. जैन ने स्वागत उद्?बोधन देते हुए स्वयं सेवकों को पैसों की बचत के बारे में बताया। डॉ.एस.वी. सिंह ने स्वंय सेवकों को वित्तीय साक्षरता एवं नवीन शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवको को पी.पी.एफ. के बारे में जानकारी दी। यशोदा पुजारी ने अटल पेंशन योजना, अटल बीमा योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं में जुड़कर जीवन मे बचत के महत्व को बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम में 70 स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के समस्त व्याख्यातागण उपस्थित रहे।संचालन डॉ. अनिता गन्ना ने किया एवं धन्यवाद एन. एस. एस. प्रभारी डॉ. भूपेन्द्र मेघवाल ने दिया।

ब्रह्मधाम कालन्द्री मे मासिक पूर्णिमा मेला महोत्सव आयोजित

ब्रह्म समाज में फेल रही कुरीतियों को उखाड़ फेकना चाहिए: देवानंद महाराज

पदमावत मीडिया

कालन्द्री । कालन्द्री कस्बे के ब्रह्मधाम ब्रह्माजी मंदिर मे मासिक पूर्णिमा महोत्सव दण्डीस्वामी देवानंदजी महाराज के सानिध्य व ट्रस्ट अध्यक्ष वीआर तवाव की मौजूदगी मे धूमधाम से मनाया गया। दंडी स्वामी श्रीं 1008 श्रीं देवानंद महाराज ने राजपुरोहित समाज बन्धुओ को सम्बोधित करते हुए बताया की ब्रह्म समाज को नशे से दूर रहना चाहिए नशा नाश का द्वार है ओर समाज मे संस्कार व संस्कृति, मर्यादित आचरण अपनाना चाहिए ओर समाज मे फेल रही कुरीतियों को उखाड़ फेकना चाहिए अन्यथा यह कुरीतिया हमारे समाज का पतन कर देगी गुरुदेव ने बालक-बालिकाओं को अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए एवं बिना किसी कारण मोबाइल से परहेज करना चाहिए क्योंकि अपने समाज मे बच्चों के पतन का मुख्य कारण मोबाइल है जिससे अच्छे बुरे का अनुभव करवाता है इसलिए जीस वस्तुओ से समाज,संस्कृति व संस्कार का पतन हो उस वस्तुओ का बहिस्कार करना चाहिए। इस दौरान मेला लाभार्थी नून निवासी जुहारमल सोमाराम रायगुर छोटा मगरा परगना व उनके परिवार के सदस्य जुहारमल, प्रवीण, प्रमोद, सांकलाराम, मंछालाल, विजयराज, नैनसिह आदी का नवपरगना राजपुरोहित समाज व ब्रह्मधाम ट्रस्ट के पदाधिकारीयो ने माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत सत्कार किया। इस दौरान महाआरती के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

मस्तिष्क के पास पहुंची लोहे की वस्तु को निकालकर बचाई मरीज की आंखों की रोशनी

पदमावत मीडिया

उदयपुर । पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल भीलों का बेदला, उदयपुर में चिकित्सा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। नाक,कान और गला (ईएनटी) विभाग के चिकित्सकों ने 38 बर्षीय मरीज खेमा राम के मस्तिष्क के पास पहुंची लोहे की वस्तु को निकालकर मरीज की आंखों की रोशनी को बचाया। इस सफल ऑपरेशन में ईएनटी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.शिव शंकर कौशिक,एनेस्थीसिया विभाग के डॉ.रविंद्र,दिनेश और उनकी टीम ने अपनी कुशलता और विशेषज्ञता का परिचय देते हुए दूरबीन विधि से नाक के रास्ते दिमाग के पास पहुंची लोहे की वस्तु को सफलतापूर्वक बाहर निकालकर मरीज की जान और आंखों की रोशनी दोनों बचा ली। दरअसल नागौर जिले के 38 वर्षीय खेमा राम के देवगढ़ स्थित खदान में कार्य करते समय एक लोहे का टुकड़ा दुर्घटनावश उनकी आंख को चीरता हुआ शरीर के अंदर घुस गया।

इस गंभीर चोट के बाद खेमा राम को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल भीलों का बेदला रेफर कर दिया गया। ईएनटी विभाग के डॉ.शिव शंकर कौशिक ने मरीज की स्थिति की तुरंत जांच करवाई। जांच में पता चला कि लोहे का टुकड़ा नाक की हड्डी को भेदते हुए दिमाग के बेहद करीब पहुंच चुका था। यह स्थिति न केवल आंखों की रोशनी, बल्कि मरीज की जान के लिए भी खतरा थी। डॉ.कौशिक और उनकी टीम ने बिना समय गवाएं ऑपरेशन की तैयारी की। दूरबीन तकनीक का उपयोग करते हुए, उन्होंने नाक के रास्ते से ऑपरेशन किया और लोहे के टुकड़े को सावधानी पूर्वक बाहर निकाला। इस ऑपरेशन में चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे मरीज को अतिरिक्त जटिलताओं से बचाया जा सका।

डॉ.शिव शंकर कौशिक ने बताया कि इस प्रकार की सर्जरी में समय पर फैसला लेना और सही तकनीक का उपयोग करना बेहद जरूरी होता है। टीम के सामूहिक प्रयास और आधुनिक उपकरणों की सहायता से मरीज की ऑख एवं रोशनी बचाने में सफल रहे। मरीज अभी पूरी तरह से ठीक है। मरीज के परिजनो ने चेयरमेन राहुल अग्रवाल, ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल, चिकित्सकों एवं नर्सिग स्टॉफ को धन्यवाद दिया।

धरियावद विधानसभा क्षेत्र से जयपुर में जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर 33 बसों में लाभार्थियों को रवाना किया

रिपोर्ट- हितेश पालीवाल

पदमावत मीडिया

प्रतापगढ़ । राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य सरकार की योजनाओ के लाभर्थियों से जनसवांद करेंगे। जयपुर में 17 दिसम्बर, मंगलवार को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए धरियावद विधानसभा क्षेत्र से जिला कलेक्टर अंजली राजोरिया के निर्देश पर सोमवार को 33 बसों से जयपुर के लिए लाभार्थियों को रवाना किया। इस दौरान धरियावद विधानसभा क्षेत्र से 33 बसों को जयपुर के लिए रवाना किया गया। उपखंड अधिकारी राकेश कुमार न्योल, तहसीलदार दीपिका कटारा, पुलिस उप अधिक्षक नानालाल सालवी, थानाधिकारी शम्भूसिंह झाला, नायब तहसीलदार, सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिधि मोजूद रहे ।

राजस्थान समाज सेवा संस्थान का सेवा अभियान

आदिवासी अंचल के स्कूली बच्चों को मिले स्वेटर

पदमावत मीडिया

उदयपुर । सरकारी स्कूल के छोटे बच्चों को सर्दी से बचाने राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर के सेवा अभियान के तहत सोमवार को जिले के आदिवासी अंचल के दो स्कूलों में बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। संस्थान के संरक्षक दिनेश कोठारी ने बताया कि सोमवार को झाड़ोल पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोरमंगरा और गिर्वा पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कमली में 137 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर वितरण में संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा व कोषाध्यक्ष रीना जैन ने भी सेवाएं दी। स्वेटर मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। मोरमंगरा स्कूल के प्रधानाध्यापक छगनलाल गमेती और कमली स्कूल के प्रधानाध्याक ललित ने राजस्थान समाज सेवा संस्थान के सेवा अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बढ़ती सर्दी के सीजन में स्वेटर मिलने से अब स्कूल में बच्चों की नियमित उपस्थिति भी ज्यादा रहेगी। स्वेटर के अभाव में ठिठुरन के चलते कई छोटे बच्चे मजबूरी के चलते नियमित स्कूल नहीं आ पा रहे थे।

मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की दी जानकारी

पदमावत मीडिया

उदयपुर। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर में सोमवार को पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियों के लिए संगोष्ठी का आयोजन हुआ। उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि प्रदेश के पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके अमूल्य पशुधन का बीमा कर पशुपालकों को पशुधन हानि होने पर सुरक्षा प्रदान किये जाने के लिए ÷मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना÷ का शुभारंभ किया गया है। यह संबोधन संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियों को आयोजित संगोष्ठी में दिये। डॉ. छंगाणी ने कहा इस बीमा योजनांतर्गत चयनित पशुपालक के अधिकतम दो दुधारू गाय, भैंस अथवा दोंनो या 10 बकरी या 10 भेड़, एक ऊष्ट वंश के पशु का निःशुल्क बीमा किया जायेगा। इस अवसर पर डॉ. सुरेश शर्मा ने बताया कि योजना का क्रियान्वयन ट्रस्ट मोड पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा किया जायेगा एवं पशुपालन विभाग नोडल विभाग होगा।

संस्थान की डॉ. पदमा मील ने बताया कि राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग चयनित पशुपालकों के पशुओं का बीमा कराने के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत या राजस्व ग्राम हेतु तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित करेगा जिसकी सूचना पशुपालकों को एसएमएस या अन्य माध्यम से दी जायेगी।

चिन्तन बैठक, शिक्षा में गुणवत्ता का विकास सहित विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

पदमावत मीडिया

उदयपुर । शहर के सेक्टर- 4 विद्या निकेतन उ.मा.विद्यालय में सोमवार को विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत की योजना अनुसार चिंतन बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक में विद्या भारती संस्थान उदयपुर के सभी प्रधानाचार्य एवं विद्यालय समित के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष आदि ने भाग लिया। बैठक तीन सत्र में हुई। बैठक में विद्या भारती के जिला सचिव कालू लाल चौबीसा ने अतिथि परिचय करवाया। बैठक में चित्तौड़ प्रांत के निरीक्षक नवीन झा, प्रांत सचिव मानेंग कुमार, प्रांतीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष ललित कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। विद्या भारती के जिला सचिव कालू लाल चौबीसा ने बताया कि बैठक में हमारे लक्ष्य के समाज में प्रबोधन, भारत केंद्रित शिक्षा, विद्यालय की गुणवत्ता का विकास, एनईपी 2020, शिशु वाटिका एवं फाऊंडेशनल स्तर, भाईयों-बहनों का मूल्यांकन, आचार्य एवं प्रधानाचार्य के कार्य एवं प्रशिक्षण, मातृभाषा के प्रति गौरव का भाव, पूर्व छात्र परिषद का गठन एवं कार्य, प्रबंध समिति एवं समिति कार्यकर्ताओं के कार्य, सामाजिक दायित्वबोध, चुनौतीपूर्ण क्षेत्र की शिक्षा, शिक्षा क्षेत्र के वर्तमान चुनौतियां तथा विद्या भारती की भूमिका, सरकारी शिक्षा तंत्र तथा अन्य शैक्षिक संस्थानों से संपर्क आदि विषयों पर चर्चा की गई द्य इस बैठक में विद्या भारती संस्थान उदयपुर के जिला अध्यक्ष प्रकाश फुलानी, मंत्री कमलेश शर्मा, सह मंत्री रमेश पुरोहित तथा संरक्षक तेज सिंह छाजेड़ तथा सह सचिव लाल सिंह भी उपस्थित रहें। शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन किया गया।

बेडमिंटन, क्रिकेट व सितोलिया प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

सीए छात्रों की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

पदमावत मीडिया

उदयपुर। सिकासा ब्रांच उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित सीए छात्रों के लिये दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। सिकासा अध्यक्ष सीए हितेश भदादा ने बताया कि शनिवार 14 दिसम्बर को पुलां स्थित वैकुंठ स्पोटर्स एकेडमी में सीए छात्र व छात्राओं का एकल, युगल एवं मिश्रित युगल बेडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 70 छात्र एवं छात्राओं नें भाग लिया। उदयपुर सीए ब्रांच अध्यक्ष सीए रोनक जैन ने बताया कि रविवार 15 दिसम्बर को पुलां स्थित उदयपुर स्पोटर्स एरेना में किक्रेट एवं सितोलिया प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 10 - 10 टीमों में करीब 100 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में सीए छात्र-छात्राओं सहित सदस्यों एक से बढक़र एक प्रतिस्पर्धाओं में अपने खेल का हुनर दिखाया। उदयपुर सीए ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया कि आयोजित कि गई तीन प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में संयोजक सीए विशाल मेनारिया, सीए विजय मेनारिया, सीए हर्षित जैन एवं सीए पर्व बंसल का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के समापन में सीए चिराग धर्मावत भी उपस्थित रहे।

सार समाचार

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत आए प्रतापगढ़, विश्व-प्रसिद्ध थेवा-कला क किया अवलोकन

पदमावत मीडिया

प्रतापगढ़। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सोमवार को प्रतापगढ़ की विश्व-प्रसिद्ध थेवा-कला का अवलोकन किया, साथ ही उन्होंने कलाकार विजय राजसोनी से भी मुलाकात करी । इस अवसर पर विजय राजसोनी ने महामहिम राज्यपाल का पगड़ी पहना कर एवं शाल उड़ा कर आत्मीय अभिनंदन किया। थावरचंद ने थेवा कला की बारीकियां को समझा व इस दुर्लभ कला की सराहना करी । इस अवसर पर महामहिम को विजय राजसोनी व उनके पुत्र अर्पित द्वारा बनाई गई। गणेश भगवान की थेवा कृति भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि जयपुर में हुए राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट सम्मिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतापगढ़ की थेवा कला का वर्णन करते हुए प्रतापगढ़ मे होने वाले इस दुर्लभ कला के कार्य की प्रशंसा करी थी।

1 लाख 30 हज़ार 910 रुपये, माँ आँजणा मंदिर की दान पेटी से निकली रकम

पदमावत मीडिया

उदयपुर/मुंबई। माँ आँजणा पटेल (डांगी) समाज सेवा संस्थान मुम्बई की ओर से पहली बार नवी मुंबई बेलापुर के समीप स्थित समाज के नवनिर्मित कुलदेवी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हाल ही में सम्पन्न हुआ। दानपेटी में श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ावे के रूप में 1 लाख 30 हजार 910 रुपए प्राप्त हुए। बीती रात समाजसेवी सवाईलाल पटेल के नेतृत्व में देर रात तक भजन संध्या व आरती हुई। सुबह माँ आँजणा कुलदेवी की दान पेटी खोली गई थी। दान राशि की गिनती में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष और सदस्य में लगातार लगे। हर महीने निकलने वाली इस दान राशि को मंदिर मंडल के जरिए इसे कई विकास के कामों में खर्च किया जाता हैं। जिनमें कॉरिडोर, धर्मशाला समेत अन्य विकास कार्य किए जाते हैं। कमेटी संस्था के सचिव नाथूलाल पटेल सेदरी ने कहा कि राजस्थान के अलावा अब मुंबई में डांगी पटेल समाज की कुलदेवी का यह पहला मंदिर बना है। माँ कुलदेवी के आशीर्वाद से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम अभूतपूर्व सम्पन्न हुआ है। इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय कमेटी के सभी सदस्यों को जाता है। कमेटी के सदस्यों के अद्वितीय प्रयासों व समाजजन की महत्वपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिख दिया। यह जानकारी श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के संभाग उपाध्यक्ष भगवानलाल पटेल बनोड़ा ने दी।

गृह रक्षा विभाग में नवनियुक्त आरक्षियों का दीक्षांत समारोह बुधवार को

पदमावत मीडिया

जयपुर । जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी की अध्यक्षता में गृह रक्षा विभाग में नवनियुक्त आरक्षी, आरक्षी (ड्रममैन), आरक्षी (बिगुलर) एवं आरक्षी वाहन चालकों का लंबे समय उपरांत दीक्षांत परेड़ समारोह कार्यक्रम बुधवार 18 दिसम्बर को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा राजस्थान, फतेहपुरा (बेगस) जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। महानिदेशक व महासमादेष्टा गृह रक्षा राजेश निर्वाण ने बताया कि इन कुल 115 नवनियुक्त आरक्षियों एवं वाहन चालकों में 88 पुरूष आरक्षी एवं 27 महिला आरक्षी है। जिनका उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर में 16 सप्ताह, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में 96 दिन तथा जिला स्तर पर फील्ड़ ट्रेनिंग शहरी गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र एवं सीमा गृह रक्षा बटालियन पर एक-एक माह की अवधि के लिए पूरी हो चुकी है।

कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम, 'वतन को जानों' का शुभारंभ

पदमावत मीडिया

उदयपुर। गृह मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत नेहरू युवा केंद्र उदयपुर द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम, 'वतन को जानो' का शुभारंभ शहर विधायक ताराचंद जैन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेसिफिक विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के चेयरमैन दिलेंद्र हिरन ने की।

इण्डोनेशिया के बाली में जेजेसी परिवार के सदस्यों ने किए गरुड़ विष्णु केनकाना मंदिर के दर्शन

पदमावत मीडिया

उदयपुर । सामाजिक संस्था जैन जागृति सेन्टर उदयपुर का 50 सदस्यों का दल जेजेसी के संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत के नेतृत्व में आठ दिवसीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक यात्रा पर बाली इण्डोनेशिया में भ्रमण कर रहे है। फत्तावत ने बताया कि सभी सदस्यों ने विदेश की धरती पर तीसरे दिन सोमवार को बाली में गरूड़ा विष्णु केनकाना मंदिर के दर्शन किए। फत्तावत ने कहां कि गरुड़ विष्णु केनकाना प्रतिमा 121 मीटर ऊंची प्रतिमा है जो इंडोनेशिया के बाली में गरुड़ विष्णु केनकाना सांस्कृतिक पार्क में स्थित है। इसे न्योमन नुआर्टा ने डिजाइन किया था और सितंबर 2018 में इसका उद्घाटन किया गया था। 46 मीटर बेस पेडस्टल सहित स्मारक की कुल ऊंचाई 121 मीटर (397 फीट) है। प्रतिमा को इंडोनेशिया की सबसे ऊंची प्रतिमा के रूप में डिजाइन किया गया था और यह एक ऐसी घटना से प्रेरित है जिसकी जड़ें हिंदू धर्म में गरुड़ द्वारा जीवन के अमृत, अमृता की खोज से जुड़ी हैं। इस कहानी के अनुसार, गरुड़ अपनी गुलाम मां को आजाद कराने के लिए अमृत का उपयोग करने के अधिकार के बदले में भगवान विष्णु द्वारा सवार होने के लिए सहमत हुए थे। स्मारक 31 जुलाई 2018 को पूरा हुआ और 22 सितंबर 2018 को इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। अध्यक्ष सुधीर चित्तौड़ा एवं महामंत्री नितिन लोढ़ा ने बताया कि इंडोनेशिया में यह हिंदू देवता की सबसे ऊंची मूर्ति है। गरुड़ विष्णु केनकाना प्रतिमा पर्यावरण को बचाने के मिशन का प्रतीक है और दुनिया. तांबे और स्टील के मिश्रण से बनी इस मूर्ति का वजन 4,000 टन है। जिसे मूर्तिकार बाली, आई न्योमन नुआर्ता ने बनाया है। दल बाली के जैन समाज के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर के संरक्षण एवं विकास पर चर्चा की एवं वहां की हिन्दू संस्कृति एवं धार्मिक मंदिरों का अवलोकन कर सनातन संस्कृति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही जेजेसी टीम ने विदेश की धरती पर भी भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए पूरा वातावरण महावीर मय कर दिया।

राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में आज

सलूंबर जिले से 21 बसों में 1000 लाभार्थियों को विधायक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया

पदमावत मीडिया

सलूंबर । राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जयपुर में 17 दिसम्बर, मंगलवार को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए सलूंबर जिले से 1000 संभागी सोमवार को 21 बसों से जयपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान सलूंबर विधायक शांता अमृत लाल मीणा ने बसों को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया और जयपुर प्रस्थानगी के समय लाभार्थियों से मुलाकात की और जयपुर यात्रा के लिये विधायक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इन सभी लाभार्थियों को जयपुर प्रस्थान होने से पूर्व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान द्वारा एक वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पॉकेट बुक, सफलता की कहानियां, ब्रोशर, कलैण्डर एवं कैरी बेग्स प्रदान किए गए। सलूंबर से लगभग 21 बसों में सवार हुए लाभार्थियों को पीआरओ पुष्पक मीणा द्वारा साहित्य का वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने साहित्य वितरण गतिविधियों का अवलोकन किया और वितरण व्यवस्था पर संतोष जताया। एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार के मौजदूगी में साहित्य का वितरण सुनिश्चित किया गया। इस दौरान विधायक शांता अमृत लाल मीणा, एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, आयुक्त गणपत लाल खटीक, पीआरओ पुष्पक मीणा, अभिमन्यु नागदा, मनीष जैन, सहित समाजसेवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

एमजी कॉलेत में संवाद सेतु कार्यक्रम सम्पन्न

पदमावत मीडिया

उदयपुर। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में अभिभावक परिषद के अंतर्गत महाविद्यालय प्रशासन, छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के मध्य परस्पर विचारों का आदान-प्रदान करने हेतु' संवाद सेतु' कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधन, सुविधाएं एवं सहायता के बारे में जानकारी देना तथा अभिभावक व छात्राओं के विचार और महाविद्यालय से उनकी अपेक्षाओं को जानना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर दीपक माहेश्वरी ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय में छात्राओं के हितों से जुड़े हुए रोजगारोन्मुखी एवं कौशल विकास से संबंधित कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अभिभावक परिषद प्रभारी डॉ. मंजू त्रिपाठी ने बताया कि छात्राओं के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है कि वे शिक्षा के साथ शिक्षणोत्तर गतिविधियों और महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों का पूरा लाभ उठाएं। महाविद्यालय में संचालित प्रतियोगी परीक्षा की निशुल्क कोचिंग के जानकारी देते हुए छात्राओं को इससे जुड़ने के लिए कहा। अभिभावक भारती दशोरा, प्रहलाद धाकड़, श्रीमती रिया जरौली आदि ने कई उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में अभिभावक परिषद के डॉ मधु सांखला, डॉ.ज्योति गौतम, डॉ नम्रता यादव का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन डॉ ज्योति गौतम ने किया और आभार डॉ. सोफिया हुसैन ने जताया।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की निःशुल्क कोचिंग का शुभारम्भ

कठिन परिश्रम पर विश्वास रखें, कर्म से भाग्य का निर्माण होता है: टीएडी मंत्री खराड़ी

पदमावत मीडिया

उदयपुर। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा अमृत कलश योजना के तहत राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा संयुक्त भर्ती (आरएएस) की प्रारम्भिक परीक्षा हेतु माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) में जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ सोमवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने टीआरआई परिसर में किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए श्री खराड़ी ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्र के आदिवासी समाज का बच्चा भी कलेक्टर -एसपी बने इसी मंशा के साथ प्रयासरत हूं तथा निकट भविष्य में दिल्ली और जयपुर में टीएसपी एसटी वर्ग के बच्चों हेतु निःशुल्क आईएएस कोचिंग शुरु करवाने की हमारी योजना है। उन्होंने छात्रों से कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में दक्ष और कार्यकुशल अभ्यर्थी चयनित होंगे तो इसके प्रशासन और समाज पर सकारात्मक प्रभाव होंगे।

लक्ष्य बडा रखे एवं ना पालें अभिमान

उन्होंने उपस्थित छात्रों से कहा कि मैं आप में से आईएएस और आरएएस बनते देखना चाहता हूं, इस हेतु कड़ी लगन और मेहनत के साथ जुट जाएं। हमारे लिए राष्ट्र सदैव सर्वोपरि होना चाहिए। युवा पीढ़ी के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। लक्ष्य बड़ा रखें एवं कभी अभिमान ना पालें, क्योंकि अभियान पतन का प्रमुख कारण होता है। कठिन परिश्रम पर विश्वास रखें क्योंकि कर्म से भाग्य का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि इस कोचिंग के माध्यम से जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को पूर्ण मार्गदर्शन मिलेगा जिससे उन्हें परीक्षा में आत्मविश्वास एवं मनोबल मिलेगा एवं सफलता प्राप्त होगी। इस अवसर पर टी.आर.आई. के निदेशक ओ.पी. जैन ने बताया कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की 'अमृत कलश योजना' के तहत जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को उक्त प्रतियोगी परीक्षा की सम्यक एवं व्यवस्थित तैयारी करवा उनकी क्षमता वृद्धि हेतु 45 जनजाति अभ्यर्थियों हेतु उक्त कोचिंग कक्षाएं संचालित की जाएगी। 02 फरवरी 2025 को आयोज्य प्रारम्भिक परीक्षा हेतु उक्त कोचिंग की नियमित कक्षाएं 18 दिसंबर 2024 से टी.आर.आई. परिसर में सायं 04 बजे से नियमित संचालित होगी। उक्त कोचिंग को संचालित करने वाली संस्था सुरेश चन्द्र लूणावत फाउण्डेशन माय मिशन भी टीआरआई को उक्त उद्देश्यार्थ अपनी निशुल्क सेवाएं देंगे।

पेट्रोल पंप कार्मिक से मारपीट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर की पिटाई, कोतवाली पुलिस ने दबोचा

पदमावत मीडिया

डूंगरपुर । कोतवाली थाना पुलिस ने 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने एक पेट्रोल पंप सेल्समैन से शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे। पैसे नहीं देने पर उससे मारपीट की। मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि अशोक पुत्र कालू बरडा निवासी बलवाड़ा ने 31 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया की वह थाणा गांव में पेट्रोल पंप पर काम कर रहा था। उसी समय एक बाइक पर 2 बदमाश आए। बदमाशों ने शराब पीने के पैसे मांगे। पैसे देने से मना किया तो दोनों बदमाशों ने लात घुसों से मारपीट की। पंप कर काम करने वाले दूसरे कर्मचारियों ने बीच बचाव कर छुड़ाया। इसके बाद बदमाश भाग गए।

पुलिस ने मामले में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने छानबीन करते हुए आरोपी बाबूलाल (24) पुत्र नाथू बरंडा निवासी थाणा फला रेडा ओर देवीलाल (24) पुत्र जीवा बरंडा निवासी थाना फला रेडा को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने पेट्रोल पंप कार्मिक से वारदात भी कबूल कर ली है। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

जयपुर में पशु चिकित्सा अधिकारी घूस लेते गिरफ्तार, 20 हजार रुपये रिश्वत के साथ हुआ ट्रैप

पदमावत मीडिया, जयपुर । राजस्थान की राजधानी जयपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है. एसीबी की टीम लगातार भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर नकेल कस रही है. ऐसे जयपुर में पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी पर कार्रवाई की गई है. एसीबी की टीम ने नगर निगम के पशु चिकित्सा अधिकारी को घूस लेते गिरफ्तार किया है. एसीबी ने अधिकारी को 20 हजार की घूस लेते गिरफ्तार किया है। दरअसल, एसीबी की टीम ने नगर निगम के पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है. एसीबी ने यहां तैनात अधिकारी रणवीर सिंह को गिरफ्तार किया है।

एसीबी की टीम ने किया ट्रैपः बताया जा रहा है कि जयपुर एसीबी की टीम को परिवादी ने शिकायत दी थी. जिसमें कहा गया था कि पशु चिकित्सा अधिकारी गायों को गौशाला भेजने के एवज में रिश्वत मांग रही है. इसके बाद एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर पशु चिकित्सा अधिकारी रणवीर सिंह को ट्रैप किया. वहीं इस दौरान 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ लिया. अब इस मामले में अधिकारी रणवीर सिंह से पूछताछ की जा रही है. वहीं अधिकारी के अन्य ठिकानों पर भी कार्रवाई की बात कही जा रही है।

जयपुर एसीबी ने एसडीएम को किया था गिरफ्तार बता दें हाल ही में एसीबी ने झुंझुनूं में एक एसडीएम को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था. एसडीएम बंशीधर को 2 लाख रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया. आरोपी एसडीएम ने जमीन के डॉक्युमेंट में नाम ट्रांसफर के लिए रिश्वत मांग गई थी।

प्रतापगढ़ जिले में एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

करीब 40 करोड रुपए कीमत की ड्रग पकड़ी

फार्महाउस में एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, भारी मात्रा में ड्रग बनाने के उपकरण, मशीने, एमडी युक्त केमिकल जब्त

इनामी बदमाश की तलाश में दूसरे फार्म हाउस पर दी गई दबिश, एक पिस्टल मय मैगजीन व 3 कारतुस किये जब्त

पदमावत मीडिया

जयपुर/प्रतापगढ़ । एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने प्रतापगढ़ जिले के अरनोद थाना क्षेत्र में देवल्दी गांव स्थित दो फार्म हाउस पर दबिश देकर एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री का खुलासा कर ड्रग फैक्ट्री से भारी मात्रा में ड्रग बनाने के उपकरण, मशीने, एमडी युक्त केमिकल बरामद किए, वहीं दूसरे फार्म हाउस से अवैध हथियार एक पिस्टल मय मैगजीन एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। जब्त की गई करीब 12 किलो के लगभग एमडी ड्रग एवं अन्य एनडीपीएस घटकों की कीमत करीब 40 करोड़ रुपए आंकी गई है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ को इनपुट मिले थे कि राजस्थान-मध्यप्रदेश सीमा से जुडे प्रतापगढ जिले के गावों में बड़े पैमाने पर एमडी ड्रग्स का निर्माण कर तस्कर ड्रग की सप्लाई राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में कर रहे है। मुख्य रूप से देवल्दी गांव में इसका कारोबार चल रहा है।

भोपाल में पकड़ी गई करोड़ों की एमडी ड्रग के तार देवल्दी गांव से जुड़े

एडीजी एमएन ने बताया कि कुछ दिन पहले गुजरात एटीएस ने भोपाल (मध्यप्रदेश) में 1800 करोड़ रूपये की एमडी ड्रग पकडी गई, जिसके तार देवल्दी गांव से जुडे हुये थे। मुख्य आरोपी देवल्दी गांव के ही है। इस पर डीआईजी योगेश यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी व श्री सिद्धान्त शर्मा के सुपरविजन में हैड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल नरेन्द्र पाटीदार को इस सम्बन्ध में आसूचना संकलन करने के लिए प्रतापगढ रवाना किया गया। जिनके द्वारा निरन्तर करीब 2 महीनों से इस सम्बन्ध में सूचनाएं संकलन की गई। सोमवार को टीम को पुख्ता सूचना मिली कि याकुब पुत्र फकीर गुल, जमशेद पुत्र फकीर गुल, शाहील पुत्र सलीम निवासी देवल्दी थाना अरनोद काफी लम्बे समय से एक फार्म हाउस पर अवैध मादक पदार्थो का व्यापार कर रहे है। इनके खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज है। आज भी उक्त फार्म हाउस पर एमडी ड्रग बनाने का काम चल रहा है। इस पर बिना देरी के एजीटीएफ टीम ने थानाधिकारी अरनोद को सूचित कर मौके पर दबिश दी। पुलिस की भनक लगते ही मौके से अपराधी फरार हो गये। तलाशी में एमडी ड्रग बनाने के उपकरण, शुद्ध एमडी ड्रग का घोल, पिस्टल व जिन्दा कारतूस, मोटर साईकिल व भारी मात्रा में अन्य सामग्री जब्त की गई। आरोपी याकुब, जमशेद व शाहील गुजरात एटीएस द्वारा भोपाल मे पकडी गई एमडी ड्रग के मुख्य सरगना शोएब के नजदीकी रिश्तेदार है। शोएब भी फरार चल रहा है।

ये किया बरामद

सरसो के खेत की तलाशी में 20 लीटर के डब्बे में 11 किलो 450 ग्राम लिक्विड एमडी ड्रग अंतिम अवस्था मे, एक प्लास्टिक के जरिकेन से ड्रग बनाने में प्रयुक्त 14 किलो 770 ग्राम लिक्विड केमिकल, एक जरीकेन में एनडीपीएस घटक का 4 जिलों 900 ग्राम लिक्विड केमिकल, उपकरण इत्यादि जब्त किए गए। इनामी बदमाश की तलाश में दूसरे फार्म हाउस में दबिश, अवैध हथियार देशी पिस्टल व कारतूस मिले टीम को सूचना मिली थी कि अरनोद थाने में दर्ज ड्रग तस्करी के दो मुकदमों में वांछित 25 हजार का इनामी आरोपी शाहरुख उर्फ टोनी निवासी देवल्दी अपने गांव के ही चमन खान नाम के व्यक्ति के फार्म हाउस पर हो सकता है। इस पर टीम ने उक्त फार्म हाउस पर दबिश दी, जहां एक बिना नंबरी बाइक खड़ी थी। एक तकिए के नीचे एक देशी पिस्टल मय मैगजीन एवं तीन जिंदा राउंड मिले, जिन्हें जब्त किया गया। एजीटीएफ टीम द्वारा की गई उक्त कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल नरेन्द्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही। थाना अरनोद से एसएचओ हजारी लाल, एएसआई शिवलाल, हैड कांस्टेबल वीरेन्द्र सिह, ओमवीर, कांस्टेबल दिनेश, हरीश, प्रहलाद, कांस्टेबल चालक जगपाल सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।